Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# M.H.I. -3

# इतिहास लेखन

## ( Historiography )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Dr. Navin Mishra*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 350/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

<u>Content</u>

# इतिहास लेखन
## ( Historiography )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-4

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-4

Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1

Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2017 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1-2


| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|


**इतिहास का परिचय**

1. सामान्यीकरण ........ 1
2. कारण-कार्य संबंध ........ 7
3. वस्तुपरकता और व्याख्या ........ 13
4. इतिहास, विचारधारा और समाज ........ 20

**पूर्व-आधुनिक परम्पराएँ–I**

5. यूनानी-रोमन परंपरा ........ 25
6. पारंपरिक चीनी इतिहास-लेखन ........ 35
7. प्राचीन भारत में इतिहास लेखन की परंपराएँ ........ 44

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


**पूर्व-आधुनिक परम्पराएँ–II**

8. मध्यकालीन इतिहास लेखन : पश्चिमी ........ 54
9. मध्यकालीन इतिहास लेखन : अरबी और फारसी ........ 61
10. मध्यकालीन इतिहास लेखन : इंडो-पर्शियन ........ 69
11. स्थानीय इतिहास ........ 80

**आधुनिक काल में इतिहास लेखन की दृष्टियाँ–1**

12. प्रत्यक्षवादी परंपरा ........ 85
13. शास्त्रीय मार्क्सवादी परंपरा ........ 91
14. अनाल स्कूल ........ 98

**आधुनिक काल में इतिहास लेखन की दृष्टियाँ–2**

15. हाल के मार्क्सवादी दृष्टिकोण ........ 105
16. उत्तर-आधुनिकतावादी हस्तक्षेप ........ 112
17. इतिहास में लिंगभेद ........ 118
18. इतिहास में नस्ल ........ 125

**भारतीय इतिहास लेखन की विभिन्न दृष्टियाँ और विषय–1**

19. उपनिवेशवादी इतिहास-लेखन ........ 132
20. राष्ट्रवादी इतिहास-लेखन ........ 139
21. सम्प्रदायवादी प्रवृत्तियाँ ........ 146
22. मार्क्सवादी दृष्टिकोण ........ 152
23. कैम्ब्रिज स्कूल ........ 159

**भारतीय इतिहास लेखन की विभिन्न दृष्टियाँ और विषय–2**

24. जनोन्मुखी इतिहास ........ 166
25. निम्नवर्गीय प्रसंग (सबाल्टर्न स्टडीज) ........ 173
26. आर्थिक इतिहास ........ 180
27. किसान और मजदूर ........ 186
28. जाति, जनजाति और लिंगभेद (जेंडर) ........ 191
29. धर्म और संस्कृति ........ 196
30. पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी ........ 201


❐❐

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## इतिहास लेखन

**( Historiography )**

**M.H.I.-3**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *(i) किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (ii) प्रत्येक भाग में से कम-से-कम दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग-I**

**प्रश्न 1. इतिहास-लेखन की ग्रीक-रोमन परंपराओं पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर**–इतिहास लेखन के लिए इतिहासकारों ने अपने ज्ञान के भंडार का विकास कुछ पद्धतियों के आधार पर, तो कुछ परंपराओं के आधार पर किया। जानकारियों की सत्यता पर आंच न आने पाए, इसके लिए इतिहासकारों ने अनेक तथ्यों का पता लगाकर अन्य स्रोतों से उनका मिलान किया। साथ ही आज के इतिहासकारों का मुख्य ध्येय पूर्वाग्रह से बचना तथा इतिहास में प्रामाणिकता का ध्यान रखना है।

यूनान व रोम में अनेक इतिहासकार हुए हैं। उन्होंने वहाँ के राज्यों और तत्कालीन समाज के संबंध में अपने विचार दिए हैं। अंग्रेजी शब्द 'हिस्ट्री' यूनानी शब्द 'हिस्टोरिया' से बना है, जिसका अर्थ 'पूछताछ व जाँच-पड़ताल' है।

सबसे पहले यूनान के एक इतिहासकार हेरोडोट्स का उल्लेख किया गया है। हेरोडोट्स का जन्म एशिया माइनर की एक यूनानी बस्ती में हुआ था। इन्हें इतिहास का जन्मदाता कहा जाता है। हेरोडोट्स ने 'हिस्टोरिका' नामक ग्रंथ लिखा था। यूनानी इतिहासकार ने अपने इस ग्रंथ में अनेक देशों के विषय में लिखा है। इसमें उन्होंने भारत और फारस के संबंधों का वर्णन किया है। हेरोडोट्स के कार्यों व रचनाओं के आधार पर अनेक रचनाएँ की गईं। यूनान के इस इतिहासकार ने भारतवर्ष की उत्तर-पश्चिमी जातियों का भी वर्णन किया है, परंतु इन जातियों के बारे में हेरोडोट्स की जानकारी अपूर्ण व आप्रमाणिक है। यह तय है कि यूनानी लेखकों ने भारत के इतिहास निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन यूनानी लेखकों को मुख्यत: तीन भागों में बांटा गया है। सिकंदर से पूर्व यूनानी लेखक, सिकंदर के समकालीन यूनानी लेखक और सिकंदर के बाद के यूनानी लेखक।

पारसिक नरेश दारा के यूनानी सैनिक स्काईलैक्स को सिकंदर के पूर्व का यूनानी इतिहासकार माना जाता है। दारा ने हालांकि उसे सिंधु प्रदेश की जानकारी एकत्रित करने के लिए भेजा था, लेकिन उसे इस प्रदेश के बारे में पर्याप्त तथ्य हासिल नहीं हो सके। यह कहा जा सकता है कि एक इतिहासकार के रूप में वह सिंधु प्रदेश की जानकारी देने में असमर्थ रहा। हिकेटियस मिलेट्स दूसरा यूनानी लेखक था, इसके द्वारा रचित ग्रंथ 'भूगोल स्काईलैक्स' यात्रा-विवरण व पारसियों के अनुभव के आधार पर लिखा गया था।

हालांकि मिलेट्स का लेखन भी सिंधु प्रदेश तक ही सीमित था। टैसिटस रोम का एक प्रसिद्ध लेखक था। यह यूनान की राज्यसभा में राजवैद्य था। इसने भारतवर्ष के विषय में बहुत-सी जानकारी ईरानी अधिकारियों से प्राप्त की थी। भारत के व्यापारी व्यापार के लिए फारस जाते थे। अत: टैसिटस को भारतवर्ष के विषय में कुछ बातें प्राप्त हुईं, जिसके माध्यम से उसने लेखन कार्य किया। सिकंदर भारत में सैनिकों के साथ कुछ लेखक व विद्वान लोगों को लेकर आया, जिन्होंने उस समय के युद्धों को लेखबद्ध किया।

मौर्य वंश का संस्थापक चंद्रगुप्त था। उसका सेल्यूकस के साथ युद्ध हुआ था, जिसमें चंद्रगुप्त विजयी हुआ और चंद्रगुप्त मौर्य ने उसकी पुत्री से विवाह किया। ऐरियन व स्ट्रैबो दोनों ने ही इसका विवरण दिया है।

सेल्यूकस ने अपने वंश की राजकुमारी का विवाह चंद्रगुप्त के साथ नहीं किया, बल्कि उसने दोनों राजवंशों को अंतरविवाह करने का अधिकार दे दिया, लेकिन स्ट्रैबो के संपूर्ण कथन से यह प्रतीत होता है कि वास्तव में विवाह हुआ था। यह भू-प्रदेश पुत्रीधन के रूप में चंद्रगुप्त को दिया गया होगा। जिस प्रकार यूरोपीय इतिहास में बंबई, केथोलिन को दिया गया था। उसी प्रकार चंद्रगुप्त को पेरोपेनिसेडेई, आरकोसिया, जेब्रोशिया के प्रदेश दिए गए, जिससे भारतीय साम्राज्य सिंधु व पश्चिमी सीमा से बढ़कर हिंदकुश तक विस्तृत हो गया। अत: एरियन व स्ट्रैबो के लेख सिकंदर के समकालीन इतिहास जानने में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है।

स्ट्रैबो ने देश-विदेश का भ्रमण किया और अनुभव के आधार पर एक ग्रंथ 'भूगोल' लिखा, जिसमें भौगोलिक अवस्थाओं के अतिरिक्त सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति का भी उल्लेख मिलता है। सिकंदर के साथ आए विद्वानों में नियार्कस था, जो जहाजी बेड़े का एडमिरल था। इसके लेखों के

अवशेष स्ट्रैबो व एरियन के लेखों में मिलते हैं। ऐरिस्टोब्यूलियस ने अपने अनुभवों को 'हिस्ट्री ऑफ द वार' नामक ग्रंथ में लेखबद्ध किया। एरियन व प्लूटार्क को अपने ग्रंथों को लिखने में इससे काफी सहायता मिली। ओनेस्क्रिप्टस जहाजी बेड़े का एडमिरल था। इसने सिकंदर की जीवनी लिखी थी। यद्यपि इसमें किंवदंतियों का समावेश है, फिर भी कुछ स्थानों पर महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन किया गया है।

सिकंदर के आगमन के पश्चात जो यूनानी लेखक आए, उनमें मैगस्थनीज भी था। वह चंद्रगुप्त मौर्य की सभा में आया था और सेल्यूकस का राजदूत था। इसने भारत में 'इंडिका' नामक ग्रंथ लिखा। 1891 ई० में इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया। मैगस्थनीज का यात्रा विवरण स्पष्ट व शुद्ध था। 77 ई० में प्लिनी दी एल्डर ने प्राकृतिक इतिहास नामक ग्रंथ लिखा, जिसमें 37 अध्याय हैं। यह मैगस्थनीज की 'इंडिका' पर आधारित है। इन यूनानी लेखकों के पश्चात पैट्रोक्लीज का नाम आता है।

यूनान के इतिहासकारों में मुख्यत: हेरोडोट्स और थुसीदीदेस ने यूनानी भाषा में लेखन कार्य किया है, जबकि रोमन साम्राज्य के लीवी व टैसिटस ने लातिनी भाषा में लिखा है। ऑगस्टस युग को रोमन साम्राज्य का स्वर्णकाल माना जाता है, जबकि यूनान के इतिहास को क्लासिकीय युग की संज्ञा दी गई है।

इन इतिहासकारों ने राजनीतिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में अनेक कार्य किए हैं। इन इतिहासकारों ने उस समय के राजनीतिक परिवर्तन या समाज की अच्छाइयों पर भी प्रकाश नहीं डाला है, बल्कि लीवी और टैसिटस समकालीनों के आलोचक भी रहे हैं। जहाँ समाज में बुराइयाँ थीं या सुधार की आवश्यकता थी, वहाँ इन्होंने अपनी लेखनी चलाई।

थुसीदीदेस का एथेन्स के साथ गहरा संबंध है। पेलोपोनिसियन युद्ध एथेन्स व स्पार्टा के बीच संघर्ष था। इस युद्ध में थुसीदीदेस ने एथेन्स की ओर से जनरल के रूप में युद्ध किया। यह युद्ध लगभग तीस सालों तक चला। उसने अपने इस काल के अनुभवों को लेखबद्ध किया है। उसने युद्ध के साथ ही साथ इस युद्ध में कहाँ कमियाँ थीं, इसका भी वर्णन किया है।

लीवी एक रोमन इतिहासकार था। रोम के इतिहास लेखन में उसका पर्याप्त योगदान है, जो 142 पुस्तकों में संकलित है।

टैसिटस का साम्राज्यवादी प्रशासन से निकट संबंध था। उसने अपने लेखों में पचास सालों के रोमन साम्राज्य के इतिहास का चित्रण किया है। साथ ही प्रशासन व्यवस्था में उच्च वर्गों में कार्यरत लोगों के असंतोष, उत्तराधिकार संबंधी प्रश्न व राजनीतिक मामलों में सेना की भूमिका का वर्णन किया है। उसने अपने लेखन में यह भी स्पष्ट किया है कि रोम साम्राज्य के उच्च वर्ग में एकरूपता नहीं थी।

इतिहासकारों का उद्देश्य उन महत्त्वपूर्ण घटनाओं का संकलन करना था, जो समय के साथ नष्ट हो चुकी थीं। साथ ही यूनानी लोगों का बर्बर लोगों से युद्ध क्यों हुआ, उनके कारणों को जानने का भी प्रयास किया। उन्होंने एथेन्सवासियों की विजयगाथाओं का भी वर्णन किया। साथ ही वे फारसियों व स्पार्टावासियों की वीरता का वर्णन करने से भी नहीं चूके।

लीवी ने लिखा है कि हमारे पूर्वजों ने पहले सत्ता अर्जित की और बाद में इसका विस्तार किया। उसने यह भी कहा है कि पहले रोम साम्राज्य का विस्तार हुआ और जैसे ही यहाँ नैतिकता का अंत हुआ, धीरे-धीरे रोम साम्राज्य का विघटन प्रारंभ हो गया। लीवी व टैसिटस ने अपने इतिहास लेखन को लाभप्रद व शिक्षाप्रद माना है। उनका कहना है कि इतिहास के रूप में हमारे पास ऐसे अनुभव व दस्तावेज हैं, जिनके माध्यम से भविष्य में कुछ सीखने को मिल सकता है। टैसिटस ने अपने लेखन को काल्पनिकता से दूर रखा है।

प्रमाण व स्रोतों को स्पष्ट व अस्पष्ट दोनों ही रूपों में व्यक्त किया गया है। लेखन में प्रत्यक्ष रूप से देखे हुए को महत्त्व दिया गया है। लेखन में अनेक स्रोत और जानकारी प्राप्त करने के लिए साक्षात्कारों, इतिवृत्तों, परंपराओं और अनेक दस्तावेजों का सहारा लिया गया है। मकबरों के आस-पास मिले अभिलेख और परंपराएँ लेखन के लिए महत्त्वपूर्ण स्रोत माने गए हैं। इसका सर्वोत्कृष्ट उदाहरण डेल्की का मकबरा है। शासक व सैनिक युद्ध में जाने से पूर्व हमेशा इन मकबरों में जाते थे। हेरोडोट्स ने लिखा है कि कोई भी कार्य जब सफलतापूर्वक हो जाता था, तो मकबरे पर भेंट चढ़ाई जाती थी। हेरोडोट्स ने मेसोपोटामिया में कृषि की स्थिति का आँखों देखा हाल लिखा है।

थुसीदीदेस ने अपने विवरण में साफ बताया है कि रोम में वार्षिक दस्तावेज लिखे जाने की व्यवस्था थी। इस व्यवस्था को 'अनाल मकसीमी' कहा जाता था। इनमें वे न्यायाधीश होते थे, जिन्हें हर वर्ष नियुक्त किया जाता था। युद्ध, सीनेट की कार्यवाही, षड्यंत्रों आदि को टैसिटस ने अपने विवरण के जरिए प्रस्तुत किया। यह कहा जा सकता है कि इन इतिहासकारों ने समाज के हर वर्ग तथा हर क्षेत्र में लेखन का कार्य किया। इन लेखकों ने घटनाओं का विवरण बड़े ही जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने लेखों में प्रामाणिकता, सत्यता व स्पष्टता को पिरोने का प्रयास किया है।

इतिहासकारों ने बड़ी सावधानी से एक-एक वाक्य को अपने कौशल का प्रयोग करते हुए संकलित किया है, जो इनके अनुवाद में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। थुसीदीदेस ने कई जगह बड़ी गंभीरता से अपने विचारों को लिखा है। एथेंस व स्पार्टा के युद्ध के दूसरे वर्ष में एथेंस में प्लेग फैला, जिसकी चपेट में हजारों लोग आ गए। इसका एक उदाहरण उसने प्रस्तुत किया है। "अच्छे भले लोग अचानक ही सिर में भयंकर दर्द और आँखों में सुर्खी व जलन के शिकार हो गए, जिससे अस्वाभाविक तथा दुर्गंधयुक्त साँस आने लगी।" थुसीदीदेस ने अपने लेखन में भाषणों का भी संकलन किया है, जो उन्होंने बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। लीवी ने अपने लेखों को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया है।

**प्रश्न 2. वस्तुपरकता क्या है? वस्तुपरकता और व्याख्या के बीच के संबंध की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-16, प्रश्न 1

**प्रश्न 3. इतिहास के प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण पर एक टिप्पणी लिखिए।**

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# इतिहास–लेखन
# (HISTORY WRITING)

इतिहास का परिचय

## सामान्यीकरण

1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### अध्याय का विहंगावलोकन

इतिहास के अध्ययन को रुचिकर बनाने में सामान्यीकरण की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण है। यह कहना गलत नहीं होगा कि सामान्यीकरण के बिना इतिहास-लेखन महज कुछ तथ्यों व घटनाओं का बिखरा हुआ प्रस्तुतीकरण बनकर रह जाता। दूसरे शब्दों में, हम कह सकते हैं कि सामान्यीकरण के जरिए लेखक न केवल इतिहास को छात्रों के सामने आसान स्वरूप में परोस सकता है, बल्कि इस विषय में उनकी गहरी रुचि भी पैदा कर सकता है।

किसी भी विषय के अध्ययन के विस्तार के लिए छात्रों को उसे समझना तो जरूरी है ही, लेकिन साथ ही उसमें उनकी दिलचस्पी होना उससे भी ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। यहाँ आगे हम देखेंगे कि कैसे इतिहासकारों ने तथ्यों के सामान्यीकरण के प्रयोग से उनकी पठनीयता को रोचक बनाया है। उदाहरण के लिए मिस्र में पिरामिड का प्रयोग शवों को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता था। यह सिर्फ तथ्य है, जबकि सामान्यीकरण के माध्यम से इतिहासकार ने इस तथ्य को रुचिकर ढंग से प्रस्तुत किया है।

उसने यह बताने का प्रयास किया है कि मृत्यु के बाद जीवन को लेकर मिस्र के लोगों की दृढ़ मान्यता हुआ करती थी, जबकि कुछ अन्य लोग यह मानते हैं कि मृत्यु के बाद शरीर नष्ट हो जाता है और आत्मा जीवित रहती है। लेकिन मिस्र के निवासियों का मानना था कि शरीर और आत्मा दोनों ही जीवित रहते हैं। इसलिए वहाँ के निवासी मृतक शरीर को संरक्षित करने के लिए तमाम कोशिशें किया करते थे।

इसके लिए वे शव पर लेप लगाकर उसे पहले लकड़ी के बक्से में रख दिया करते थे। इसके बाद यह बक्सा पत्थर के ताबूत में डालकर पिरामिड में रख देते थे। साथ ही मृतक व्यक्ति के आस-पास उसकी पसंद के सामान रख दिए जाते थे। ये वही सामान हुआ करते थे, जिन्हें वह जीवित रहते हुए प्रयोग में लाया करता था।

इसी प्रकार प्रागैतिहासिक काल में मिट्टी के बड़े बर्तन की मौजूदगी को इतिहासकारों ने सामान्यीकरण के जरिए काफी

रोचक विधि में प्रस्तुत किया है। उन्होंने लिखा है कि उस काल के लोग अपनी जरूरत से ज्यादा अनाज को संरक्षित करने के लिए ही इन बर्तनों का प्रयोग किया करते थे। इस प्रकार से संरक्षित अनाज का कुछ हिस्सा अगले वर्ष की खेती के लिए बीज के रूप में काम में लाया जाता था। अगर हम यह कहें तो सभी सहमत होंगे कि इतिहासकार तथ्यों को संग्रह करके एक स्थान पर रख दें और उनके तमाम पहलुओं के मद्देनजर विस्तृत व्याख्या न करें तो घटना को समझ पाना एक कठिन कार्य हो जाएगा।

ऐसे में उन तथ्यों का न तो कोई अर्थ ही निकलेगा और न ही उनकी पठनीयता में किसी प्रकार का कोई प्रवाह होगा। जहां इतिहासकार का कार्य अतीत की घटनाओं को एकत्रित करने के साथ-साथ उनकी सत्यता व वैधता को परखने का होता है, वहीं अपने तर्क के आधार पर उन तथ्यों का विस्तार व सामान्यीकरण करना भी उसके लिए नितांत आवश्यक हो जाता है।

सामान्यीकरण के द्वारा ही घटनाओं व तथ्यों को क्रमबद्ध तरीके से पिरोकर इतिहास के अध्ययन में तारतम्यता स्थापित की जाती है। जब हम किसी काल को अनेक कालखंडों में विभाजित करके उनमें समानताओं व विषमताओं को देखते हुए एक निष्कर्ष पर पहुँचते हैं तो उसे हम सामान्यीकरण कहते हैं। उदाहरण के लिए, किसी शासक के संबंध में उसकी जाति, काल, धर्म, राजनीति व आर्थिक स्थिति का वर्णन करना सामान्यीकरण ही कहा जाएगा।

सामान्यीकरण को मुख्यत: हम तीन श्रेणियों में बाँट सकते हैं, जो निम्नस्तरीय, मध्यस्तरीय व व्यापकस्तरीय सामान्यीकरण कही जाती हैं। जब हम किसी तथ्य या घटना को किसी विशेष कालखंड में डाल देते हैं तो उसे निम्नस्तरीय सामान्यीकरण कहते हैं। जब कोई इतिहासकार किसी विशेष व्यक्तित्व या घटना का अध्ययन करने के साथ उस काल के आगे-पीछे की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास कर रहा होता है, तो उसे मध्यस्तरीय सामान्यीकरण कहते हैं।

समाज के संपूर्ण पहलुओं का या फिर किसी सीमित विषय के पश्चात भी उसका राष्ट्रव्यापी या विश्वव्यापी स्तर पर अध्ययन करते हैं तो उसे व्यापक सामान्यीकरण कहते हैं। उदाहरण के लिए, कार्ल मार्क्स ने साम्यवादी विचारधारा का वर्णन अपनी पुस्तक '*दास कैपिटल*' में किया है, जिसमें वह सर्वहारा वर्ग के हित की बात करता है। यह व्यापक सामान्यीकरण का उदाहरण है। कुछ सामान्यीकरण को लेकर आपत्तियां भी उठाई जाती हैं। इन आपत्तियों में तथ्यों को सामान्यीकरण से अछूता रखने की बात की गई है, जबकि इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि सामान्यीकरण तथ्यों को तारतम्यता प्रदान करते हैं।

सामान्यीकरण का एक और पहलू यह भी है कि एक घटना का तुलनात्मक अध्ययन दूसरी घटना के साथ किया जाए तो उसे समझने में सुविधा हो जाती है। जैसे 1789 की फ्रांस की क्रांति की तुलना यदि हम 1857 की क्रांति से करें, तो दोनों ही क्रांतियाँ निरंकुशता के खिलाफ विद्रोह थीं। इस विचार से कोई असहमत नहीं होगा कि सामान्यीकरण तथ्य को झूठा साबित करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन कई इतिहासकार सामान्यीकरण को इस तरह से प्रस्तुत करते हैं मानो वह सिद्ध हो चुका हो। अत: सामान्यीकरण करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि वह अतार्किक व अस्पष्ट न हो।

सामान्यीकरण का एक और दिलचस्प पहलू भी है। इतिहासकार कभी-कभी दो घटनाओं के अंतर की अनदेखी करके भी सामान्यीकरण के जरिए उन्हें एक जैसा ही बताने की चेष्टा करते हैं। इसे उदाहरण के जरिए और स्पष्ट किया जा सकता है कि इतिहासकार किस तरह दो घटनाओं में सामान्यीकरण कर देते हैं। पेलोपोनेशिया युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध आपस में एकदम अलग हैं और दोनों अपने आप में अद्वितीय घटनाएँ हैं।

लेकिन इतिहासकार दोनों को ही युद्ध की श्रेणी में डालकर उनकी चर्चा समान रूप से कर देते हैं। हालांकि विद्वानों की ओर से इस तरह के प्रयास का विरोध होना स्वाभाविक है। इसी प्रकार जब **गिब्बन** ने ईसाई धर्म और इस्लाम के उत्थान की चर्चा करते हुए दोनों को एक क्रांति का नाम दिया तो उसने सामान्यीकरण का ही सहारा लिया। जबकि दोनों धर्मों के उत्थान की कहानी अलग-अलग दो महत्त्वपूर्ण और अद्वितीय घटनाएँ हैं।

बिल्कुल ऐसा ही आधुनिक इतिहासकार भी करते हैं जब वे इंग्लिश, फ्रांसीसी, रूसी और चीनी क्रांति की बात करते हैं। इतिहासकार किसी भी घटना के अद्वितीय होने में दिलचस्पी

www.neerajbooks.com



नहीं दिखाते, बल्कि उनकी दिलचस्पी उस अद्वितीय घटना में सामान्य बात ढूँढने को लेकर होती है। यह भी देखने में आता है कि इतिहासकार के अलावा इतिहास के पाठकों में भी सामान्यीकरण का उपयोग करने की आदत होती है। वे अलग घटनाओं के सिलसिले में की गई इतिहासकार की टिप्पणियों को किसी दूसरी ऐतिहासिक घटना में भी लागू करते हैं। इसका उदाहरण मिलता है कार्लाइल की रचना के '*फ्रेंच रिवोल्यूशन*' के पाठकों में। उन्होंने इसका सामान्यीकरण रूसी क्रांति में कर डाला।

यह भी कहा जा सकता है कि सामान्यीकरण वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा अस्त-व्यस्त तथ्यों को व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत करने में मदद मिलती है। इससे इतिहासकारों को नए तथ्यों को खोजने, निष्कर्ष निकालने और परिणामों व प्रभावों के बारे में गहराई से सोचने में मदद मिलती है। सामान्यीकरण ही इतिहासकार को नए तथ्यों व स्रोतों को खोजने के लिए प्रेरित करते हैं। सामान्यीकरण के कारण ही इतिहास विषय पर नित नई खोजें संभव हो सकी हैं। तथ्यों के आधार पर इतिहासकार अपने तार्किक सामान्यीकरण के द्वारा किसी घटना को अलग ढंग से प्रस्तुत करते हैं।

इतिहासकार पुराने लेखकों का समर्थन व खंडन करते हुए अपने विचार प्रस्तुत करते हैं। इतिहासकार कभी-कभी अपने विवेक के आधार पर सामान्यीकरण करते हैं। पूर्व में लिखे गए लेखन से सामान्यीकरण में मदद मिलती है। कला, शिक्षा, परिवार, जाति, धर्म, राजनीति आदि अनेक ऐसे विषय हैं, जो सामान्यीकरण के स्रोत हैं। तथ्य सामने होने पर ही स्वयं कई सवाल कब, कहाँ, क्यों और कैसे को लेकर पैदा होते हैं। ऐसे में तार्किक ढंग से उनके समाधान का अगर प्रयास किया जाए तो इतिहास-लेखन ज्यादा प्रभावशाली और व्यापक हो सकता है।

## स्वपरख अभ्यास-प्रश्न

**प्रश्न 1. सामान्यीकरण क्या है? विभिन्न प्रकार के सामान्यीकरणों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–अव्यवस्थित आंकड़ों व अस्पष्ट तर्कों को संगठित करके उन्हें क्रमवार तरीके से प्रस्तुत करना या तथ्यों के बीच संबंध या संपर्क स्थापित करने को सामान्यीकरण कहते हैं। सामान्यीकरण वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा इतिहासकार तथ्यों को समझते हैं और सहज माध्यम से अपनी समझ को दूसरों तक पहुँचाते हैं। अत: इतिहास की जटिल गुत्थियों को सुलझाने के लिए सामान्यीकरण एक कामयाब अस्त्र है। घटनाओं का विश्लेषण व व्याख्या सामान्यीकरण के द्वारा ही संभव है। सामान्यीकरण को मुख्यत: तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है–निम्नस्तरीय, मध्यस्तरीय व व्यापकस्तरीय।

जब किसी तथ्य या घटना को विशेष कालखंड में वर्गीकृत कर दिया जाता है, तो उसे निम्नस्तरीय सामान्यीकरण कहते हैं। उदाहरण के लिए, किसी घटना को राजनीतिक घटना कह दिया जाना या किसी व्यक्ति विशेष को किसी समाज जाति या धर्म से जोड़कर देखना या किसी घटना के संबंध में यह कहना कि वह इस तिथि को घटित हुई थी।

जब कोई इतिहासकार किसी विशेष व्यक्तित्व या किसी घटना का अध्ययन सूक्ष्मता से करता है तथा उस काल के आगे-पीछे की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास करता है, तो उसे मध्यस्तरीय सामान्यीकरण कहते हैं। जब इतिहासकार समाज के संपूर्ण पहलुओं का या फिर किसी सीमित विषय के पश्चात भी उसका राष्ट्रव्यापी और विश्वव्यापी स्तर पर अध्ययन करते हैं तो उसे व्यापकस्तरीय सामान्यीकरण कहते हैं।

उदाहरण के लिए, कार्ल मार्क्स ने साम्यवादी विचारधारा का वर्णन अपनी पुस्तक '*दास कैपिटल*' में किया है। मार्क्स ने इसमें सर्वहारा वर्ग की बात की है तथा कहा है कि धान का वितरण सबके बीच समान रूप में होना चाहिए चाहे इसके लिए खून ही क्यों न बहाना पड़े। व्यापक सामान्यीकरण करने वाले कुछ इतिहासकार और समाजशास्त्री भी हैं, जिनमें कार्ल मार्क्स, मैक्स वेबर, मार्क ब्लॉक आदि हैं। साथ ही भारत में डी.डी. कौसाम्बी, आर.एस. शर्मा, रोमिला थापर आदि प्रमुख हैं।

**प्रश्न 2. क्या आप सोचते हैं कि इतिहास-लेखन के लिए सामान्यीकरण आवश्यक है? सामान्यीकरण पर विभिन्न आपत्तियों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–इतिहासकार का कार्य अतीत की जानकारियों को एकत्रित कर उन्हें तिथिवार तरीके से प्रस्तुत करना होता है। ऐसा करने से ही अतीत के तथ्यों से सामना किया जा सकता है। तथ्यों का चयन इसलिए आवश्यक है, क्योंकि तथ्य एक-दूसरे में उलझे हुए और अधिक संख्या में होते हैं। अत: इतिहास-लेखन में तथ्यों को एकत्रित कर उन्हें क्रमवार व समूहबद्ध तरीके से प्रस्तुत करना आवश्यक है। तभी इतिहास को सहजता से समझा जा सकता है।

www.neerajbooks.com

तथ्य अपने आप में कोई अर्थ स्पष्ट नहीं करते, बल्कि यह कार्य तो इतिहासकार को तथ्यों की सत्यता व स्पष्टता को ध्यान में रखकर सामान्यीकरण के द्वारा करना होता है। उदाहरण के लिए हड़प्पा काल में गढ़ी के समीप कुछ भंडारगृह मिलने के उल्लेख हैं। भंडारगृहों के सौ गज दक्षिण में ईंटों के चबूतरे भी मिलने की चर्चा इतिहासकारों ने की है, चूँकि चबूतरे के छेद में से गेहूँ और जौ के दाने प्राप्त हुए हैं। इसलिए उस आधार पर इतिहासकारों ने लिखा है कि इन चबूतरों के आस-पास अन्न पीसा जाता रहा होगा। अतः यहाँ इतिहासकार द्वारा सामान्यीकरण का प्रयोग किया गया है। इससे तथ्यों का विस्तारीकरण भी किया गया है।

इसी प्रकार इन चबूतरों के दक्षिण में कुछ ध्वंसावशेष भी मिले हैं। विद्वानों का मत है कि ये भवन श्रमजीवियों के निवास स्थान थे। साथ ही निवास स्थानों के बीच कुछ भट्ठियाँ मिली हैं। इन भट्ठियों में धातु गलाई जाती थी। अतः गढ़ी, भंडारगृह और श्रमिक भवनों के ध्वंसावशेषों को देखकर यह प्रकट होता है कि इनका निर्माण राजकीय योजना के द्वारा किया गया होगा। अतः जब इतिहासकार किसी भी काल के नाम और तिथि से अलग जाकर कोई विश्लेषण करने लगता है, तो उसका अर्थ यह है कि वह सामान्यीकरण कर रहा है। इसके अभाव में इतिहास की गहराई में जा पाना संभव नहीं है।

सामान्यीकरण के बिना इतिहास-लेखन असंभव है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि सामान्यीकरण को लेकर कुछ इतिहासकार आपत्तियाँ भी उठाते हैं। उनका कहना है कि सामान्यीकरण को तथ्यों से परे रखना चाहिए, परंतु यह संभव नहीं है, क्योंकि सामान्यीकरण ही तथ्यों को तथ्य बनाते हैं। सामान्यीकरण को लेकर आलोचकों का यह भी कहना है कि इससे कहीं-कहीं तथ्यों की यथार्थता खत्म हो जाती है।

ऐसे में आलोचकों का कहना गलत नहीं है, क्योंकि कई इतिहासकार सामान्यीकरण को दावे की तरह रखते हैं और यह मान लेते हैं कि यह सिद्ध हो चुका है। अतः सामान्यीकरण में स्पष्टता, सत्यता, प्रयोगात्मकता और वैधता का होना अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा इतिहास कल्पना मात्र बनकर रह जाएगा। यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि सामान्यीकरण को ही आधार बनाकर इतिहास फलता-फूलता है। अपनी किताब 'द न्यू कैम्ब्रिज मॉडर्न हिस्ट्री' में एल्टन ने लिखा है कि यह सामान्यीकरण ही है जो कि इतिहासकार को केवल ऐतिहासिक तथ्यों को एकत्र करने वाले लोगों से अलग करता है, लेकिन साथ ही यह कहना भी जरूरी है कि सामान्यीकरण हमें वह आजादी नहीं देता कि हम एक बड़ा खाका खींचकर सारी ऐतिहासिक घटनाओं को सिर्फ उसी की ही कसौटी पर कसते चले जाएँ। खुद कार्ल मार्क्स के पत्रों में इस बात की पुष्टि मिलती है।

उन्होंने लिखा है कि एक-दूसरे के बिल्कुल समान ऐतिहासिक घटनाएँ अलग-अलग ऐतिहासिक परिस्थितियों में अगर होती हैं तो उनका परिणाम बिल्कुल अलग ही आता है। इतिहास निश्चित रूप से अद्वितीय और सामान्य के बीच के रिश्तों से जुड़ा हुआ होता है। एक इतिहासकार की हैसियत से आप दोनों को न तो एक-दूसरे से अलग कर सकते हैं और न ही दोनों में से एक को दूसरे से अधिक महत्त्वपूर्ण साबित कर सकते हैं। एक इतिहासकार की हैसियत से आप केवल इतना कर सकते हैं कि उनके तथ्यों को अलग-अलग करके उनकी अलग-अलग व्याख्या करें।

**प्रश्न 3. आपके कार्य की वे भिन्न अवस्थाएँ कौन-सी होंगी, जिनमें आप सामान्यीकरण करेंगे? अनुभवजन्य काम शुरू करने से पहले वे कौन-से स्रोत होंगे जिनके आधार पर आप सामान्यीकरण कर सकते हैं?**

**उत्तर**–शोधकर्त्ता जब किसी भी विषय पर कार्य करना आरंभ करते हैं, तब सर्वप्रथम वे विषय से संबंधित तथ्यों का संकलन करते हैं, जिससे अस्त-व्यस्त तथ्यों को व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया जा सके तथा सहजता से कार्य को किया जा सके। शोधकर्त्ता को निष्कर्ष निकालने, तिथियों की व्याख्या, विश्लेषण व स्पष्टीकरण करने में सामान्यीकरण मदद करता है। सामान्यीकरण शोधकर्त्ताओं को नए तथ्यों और स्रोतों को खोजने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही पुराने जाने-पहचाने तथ्यों के बीच नए संबंध बनाने में भी मदद करते हैं।

निम्नस्तरीय सामान्यीकरण हमें सिर्फ कब और कहाँ से जुड़े सवालों का जवाब दे सकते हैं, जबकि क्यों और कैसे का जवाब व्यापक सामान्यीकरण के द्वारा ही मिल सकता है। किसी भी घटना की व्याख्या हम सामान्यीकरण के अभाव में नहीं कर सकते। सामान्यीकरण के द्वारा ही हम विषय-वस्तु को पठन योग्य बना सकते हैं। पूर्व लेखन कार्य सामान्यीकरण करने में हमारी